Title: Regarding environment clearance for construction of airport at Dhalbhumgarh in Jharkhand

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर टाटा औद्योगिक घराने के नाम से मशहूर है। वहाँ टाटा जैसे बड़े उद्यमी स्थापित हैं । वहीं एमएसएमई का एक बड़ा सेक्टर भी आदित्यपुर में हैं । यहाँ एमएसएमई और ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटे-बड़े उद्योगों को मिलाकर लगभग दो हजार उद्योग हैं । इसके साथ ही, यहाँ माइंस का भी बहुत बड़ा क्षेत्र है। धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट की स्वीकृति के बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। पिछले वर्ष जनवरी में भूमि पूजन हुआ था । जिसमें तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास एवं भारत सरकार के तत्कालीन माननीय मंत्री श्री जयंत सिन्हा जी ने वहाँ जाकर भूमि-पूजन कर शिलान्यास किया था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके लिए लगभग सौ करोड़ रुपये आवंटित किये, लेकिन वन विभाग द्वारा एनओसी न मिलने के कारण आज तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि उस क्षेत्र में अगर एयरपोर्ट बन जाता है, तो इससे केवल झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, मिदनापुर, झाड़ग्राम, पुरूलिया और ओडिशा के बारिपदा, मयूरभंज और बालेश्वर भी जमशेदपुर जैसे बड़े शहर से जुड़ जाएंगे । इसलिए वन विभाग से एनओसी दिलाने संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जाये, जिससे जल्द एयरपोर्ट का निर्माण हो सके ।